Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Yadav Shri Devendra Prasad

>

Title: Need to take immediate steps to undertake the maintenance work of NH-57 between Darbhanga and Jhanjharpur, Bihar - laid.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : महोदय, बिहार राज्य के अंतर्गत राट्रीय राजमार्ग संख्या 57 में दरभंगा से झंझारपुर तक यातायात चालू रखने के लिए सड़क के मेंटीनेंस के लिए भारत सरकार के एन.एच.ए.आई द्वारा सात करोड़ अतिरिक्त राशि आबंटित की गयी थी। परन्तु अभी तक मेंटीनेंस का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिससे 40 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग चार घंटे का समय लग जाता है।

अतः आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए जनहित में दरभंगा से झंझारपुर तक यातायात को सुचारू रूप से चालू बनाये रखने के लिए इस खंड का मेंटीनेंस कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराये जाने की आवश्यकता है।